

# सालों से गड्ढ़ों में सड़क ढूंढ रहे रहवासी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 13 जुलाई. झीलों की नगरी में झीलों से ज्यादा पानी अब सड़कों में बने गड्डों में दिखने लगा है. सार्वजनिक स्थान हो, पर्यटन स्थल हो, छोटी गली हो या बड़ी से बड़ी कॉलोनी हो, हर जगह की सड़क कीचड़, गड्ढे, भ्रष्टाचार की शिकार होकर सिसकारियां ले रही हैं. जनता से वोट लेते समय बड़े बड़े वादे किये जाते हैं, पर आये दिन होती दुर्घटनाएं भी उन वादो को पूरा नही कर पाती.**

ऐसा ही कुछ हाल है नीलबड़ वार्ड क्रमांक 26 की कृष्णा कॉलोनी की सड़क का, जो पिछले 8-10 वर्षों से बदहाल स्थिति में है. इसका नतीजा है कि कृष्णा कॉलोनी के लोग गड्ढों

## कृष्णा कॉलोनी की सड़कें बदहाल

में सड़क ढूंढने को मजबूर हैं. बारिश के मौसम में कीचड़, गड्ढे और जलभराव के चलते स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दुपहिया वाहन चालकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क की जर्जर हालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या की जानकारी स्थानीय पार्षद को समय-समय पर दी गई, लेकिन इसके बावजूद सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया.

इस कॉलोनी में हॉस्टल और स्कूल भी हैं, जहाँ से रोज बच्चों का आना जाना लगा रहता हैं. सड़क खराब होने के कारण उन्हे रोज ही कीचड़ से भरे गड्ढों से गुजरना पड़ता हैं. स्थानीय लोगों की मांग है कि सालों से खराब इस सड़क को सुधार कर, सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके.



स्थानीय निवासी मधु सिंह का कहना है की पार्षद चुनाव के वक़्त सड़क बनाने का आश्वासन देते हैं फिर देखने भी नही आते .आए दिन सड़क में जलभराव के कारण हादसे हो रहे है, उन्होंने इस मुद्दे को कई बार पार्षद के सामने रखा पर निराशा ही हाथ आई.



निवासी धंराज जोशी ने बताया की वह 2005 से नीलबड़ के निवासी है बीते सालों में शहर में जारी खुदाई के कामों के कारण सड़क खराब हो गई पर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने कभी भी इस समस्या को गंभीरता से नही लिया. जिसके कारण गंदगी भारी मात्रा में फैली रहती हैं और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है.

# आज शहर में नहीं चलेंगी टैक्सियां और ऑटो

**भोपाल, 13 जुलाई. भोपाल में सोमवार को टैक्सी और ऑटो सेवाएं पूरी तरह ठप रहेंगी. टैक्सी यूनियन कल्याण समिति के आह्वान पर सैकड़ों टैक्सी व ऑटो चालक अपनी मांगों को लेकर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक डॉ. अंबेडकर जयंती पार्क प्रदर्शन करेंगे.**

इस दौरान शहर की टैक्सी सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी. यूनियन ने कहा है कि ओला, उबर और रैपिडो जैसी निजी सेवा प्रदाता कंपनियों से जुड़े 2500 से अधिक टैक्सी चालक और 2000 से ज्यादा ऑटो चालक विरोध में शामिल होंगे.

इस आंदोलन का असर भोपाल रेलवे स्टेशन, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, संत हिरदाराम नगर स्टेशन, हबीबगंज क्षेत्र, बस स्टैंड, और राजा भोज एयरपोर्ट सहित शहर के तमाम प्रमुख यातायात केंद्रों पर पड़ेगा. शहर में टैक्सी और ऑटो के माध्यम से सफर करने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

यूनियन के राष्ट्रीय सचिव नफीसउद्दीन ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन राजधानी सहित प्रदेशभर के टैक्सी चालकों की उपेक्षा और शोषण के खिलाफ है. प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहेगा.


# खराब सड़कों और नालियों की सफाई नहीं होने पर नाराजगी

## आप के नेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भोपाल में अव्यवस्था को लेकर रविवार को विरोध प्रदर्शन किया. शहर में बारिश के दिनों खराब सड़कों और नालियों की सफाई नहीं होने के आरोप को लेकर नाराजगी जाहिर की गई.**

बेस्ट प्राइस भोपाल मेमोरियल अस्पताल चौराहे से करोंद मण्डी के गेट तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला. विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़कों के गड्ढे भरवाने के लिए भोपाल कलेक्टर के नाम से निशातपुरा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया. इस अवसर पर संगठन मंत्री सज्जन सिंह परमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र मे जनता के लिए रोड़, नाली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए मुद्दे उठाकर प्रशासन को अवगत कराएं.



जिला अध्यक्ष सी पी सिंह चौहान ने ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन से मांग की है कि भोपाल की कई सड़के जर्जर हो चुकी है.जिसके कारण राहगीरों को आने, जाने मे बहुत परेशानी होती है. वाहन स्लिप होकर गिरने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है. उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं जिला प्रशासन सड़कों के गड्ढों को जल्दी से भरवाएं. इस मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# सड़क दुर्घटना में युवक मौत

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. राजधानी में शनिवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई. इस दर्दनाक हादसे में एक अन्य युवक जिंदगी और मौत के बीच में संघर्ष कर रहा है.**

जानकारी के अनुसार टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित वन विभाग के कार्यालय के सामने सड़क हादसा हुआ. जहां बाइक से जा रहे दो युवक आगे चल रहे लोडिंग आटो से टकरा गए. यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक आशीष गुप्ता (बाबू) आयु 26 वर्ष पुत्र भोलानाथ को अस्पताल ले जाते समय ही उसकी मौत हो गई. आशीष अपने पिता के साथ भोपाल के 25 वीं बटालियन में रहता था. वह अपने साथी के साथ जब किसी काम से लौट रहा था इस दौरान देर रात हादसा हुआ. इस हादसे में उसके एक साथी गंभीर चोटें आई है और घायल का इलाज नर्मदा असप्ताल में चल रहा है. मृतक की पीएम रिपोर्ट आने के बाद भदभदा विश्रामघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया. टीटी नगर पुलिस ने इस घटना की जांच कर रही है.



# नेमा समाज ने किया एक पेड़ पूर्वजों के नाम

**भोपाल, 13 जुलाई. नेमा समाज भोपाल द्वारा रविवार को एक पेड़ अपने पूर्वजों के नाम अभियान अंतर्गत अपना घर वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण किया गया. वृक्षारोपण में नेमा समाज भोपाल के पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों और जागरूक नागरिकों की भागीदारी से सम्पन्न हुआ.**

नेमा समाज ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता और पौधों की रक्षा करने का सामूहिक संकल्प भी लिया. साथ ही नेमा समाज द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम में निवासरत् वृद्धजनों को फल, मिठाई प्रदान की गई.



अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से न सिर्फ हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ कि जब समाज संगठित होकर संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ता है, तो वह सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल बन जाता है. आज लगाए गए हर पौधे में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, धरती के प्रति कर्तव्य और भविष्य के प्रति जिम्मेदारी समाहित है.

# 3 रेलवे स्टेशनों पर सघन चैकिंग, पकड़े 32 वेंडर

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. रेलवे ने बिना अनुबंध के स्टेशन परिसर में मौजूद अनधिकृत वेंडरों पर रविवार को कड़ी कार्रवाई की. इस दौरान बीना, भोपाल और इटारसी रेलवे स्टेशनों से 32 वेंडर पकड़े गए.**

भोपाल मंडल में यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, स्वच्छ एवं किफायती खानपान सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है. यह अभियान 09 जुलाई से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया है, जिसमें रेलवे स्टेशन परिसरों एवं ट्रेनों में अनुशासनहीन, अनधिकृत एवं अव्यवस्थित खानपान गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. अभियान के अंतर्गत वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा स्टेशनों पर औचक निरीक्षण कर विभिन्न बिंदुओं पर सख्त कार्रवाई की गई.

# रिवाल्वर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, 13 जुलाई. भोपाल के थाना गांधीनगर पुलिस ने अवैध रिवाल्वर के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार इस मामले में गांधीनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई. इसके बाद पुलिस ने अवैध रिवाल्वर के साथ आरोपी शाहरुख ( 25 ) को दबोच लिया. वहीं गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया.**

थाना गांधीनगर को रविवार 13 जुलाई 2025 को मुखबीर से सूचना मिली की थाना क्षेत्र के एयरोसिटी रोड आरजीपीवी कॉलेज के ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति अवैध रूप से रिवाल्वर लिए खड़ा है. जिसके बाद गांधीनगर प्रभारी विजेंद्र मसकोले ने टीम को भेज कर आरोपी शाहरुख को घेराबंदी गिरफ्तार कर लिया.



### इन लोगों की रही भूमिका

थाना प्रभारी गांधीनगर विजेंद्र मर्सकोले ने देर ना करते हुए टीम को भेज कर आरोपी को गिरफ्तार करवाया टीम में शामिल प्रधान आरक्षक श्रीकृष्ण कटारिया प्रधान आरक्षक अनुराग पटेल आरक्षक पंकज बैरागी आरक्षक रोहित चंद्रवंशी आरक्षक मोहित धाकड़ आरक्षक बलराम की काबिले तारीफ और अहम भूमिका रही.

# पुलिस के हत्थे चढ़ा जिलाबदर

**भोपाल, 13 जुलाई.** भोपाल शहर की बैरागढ़ थाना पुलिस ने जिला बदर के आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है. जानकारी के मुताबिक बैरागढ़ थाना पुलिस ने जिलाबदर के शातिर आरोपी विक्की गोंडिया उर्फ कालिया (31) को चेकिंग के दौरान हिरासत में लिया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 जून 2025 को आरोपी विक्की गोंदिया को भोपाल और उससे सटे जिलों से 3 महीना के लिए जिला बदर किया गया था. इसके साथ ही आरोपी विक्की गोंडिया के खिलाफ थाना बैरागढ़ में आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं.

बैरागढ़ थाना पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी विक्की उर्फ कालिया जिला बदर का उल्लंघन कर भोपाल शहर में घूम रहा है. जिसके बाद बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक कुमार गौतम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाने की पुलिस टीम को मोची मोहल्ला भेजा जहां पर आरोपी विक्की उर्फ कालिया घूमता मिला. थाना बैरागढ़ की टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया. जिला बदर विक्की उर्फ कालिया को गिरफ्तार करने में बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक कुमार गौतम की अहम भूमिका रही.

# वन मंडलों के कर्मी अपने अधिकारों से वंचित



- वन विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों को लाभ नहीं

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. वन विभाग जिला शाखा भोपाल ने रविवार को बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया. जिसमें जिले में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो एवं सुरक्षा श्रमिकों की मांगों को ध्यानाकर्षित किया गया.**

इस दौरान निर्णय हुआ कि पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए मंगलवार को डीएफओ भोपाल को कर्मचारी मंच ज्ञापन सौपेगा.

मंच के प्रांत अध्यक्ष ने बताया है कि विभाग के भोपाल जिले के वन मंडलों में कार्यरत इन कर्मचारियों को शासन के आदेशों एवं श्रम अधिकारों का लाभ नहीं दिया जा रहा है. जिस कारण श्रमिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है. उन्होंने बताया कि इन श्रमिकों को समय पर वेतन भी प्राप्त नहीं हो रहा है, न ही पीएफ सुविधा का लाभ दिया जा रहा है, कुशल एवं अर्ध कुशल का निर्धारण भी वर्षों से नहीं किया गया है, सुरक्षा उपकरण भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं सुरक्षा सैनिकों को नहीं दिए गए हैं. जिस कारण से कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों में असंतोष व्यापत है.



# अध्यक्ष सूर्यवंशी ने दी 32 लाख के विकास कार्यों की सौगात

- ग्रीनवेली व नीलबड़ क्षेत्र में 33 लाख रुपये की लागत से होंगे विकास कार्य

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. सावन मास की पूर्व बेला में निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने वार्ड क्र0. 26 के ग्रीनवेली व नीलबड़ हरि नगर क्षेत्र के नागरिकों को विकास की सौगात दी. उन्होंने रविवार को यहां लगभग 32 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया.**

भूमिपूजन अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राजमणी उईके सहित बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासी मौजूद रहे. निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने जोन क्र. 21 के वार्ड क्र. 26 के अंतर्गत ग्रीनवेली क्षेत्र में विकास की सौगात देते हुए 22 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीमेंट क्रांकीटीकृत सड़क निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया. इसके उपरांत सूर्यवंशी ने हरि नगर नीलबड़ क्षेत्र में 10 लाख 28 हजार रुपये की लागत से सीमेंट क्रांकीटीकृत सड़क एवं नाला निर्माण कार्य हेतु भी भूमिपूजन किया.निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने भूमिपूजन अवसरों पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम शहर के विकास एवं बेहतर से बेहतर जनसुविधा उपलब्ध कराने हेतु संकल्पित है.

शहर के नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु लगातार विकास कार्य कराए जा रहे है. सूर्यवंशी ने कहा कि ग्रीनवेली गौरागांव क्षेत्र तथा नीलबड़ हरि नगर क्षेत्र में सीमेंट क्रांकीटीकृत सड़क एवं नाले का निर्माण कराया जा रहा है .उक्त कार्यों से निश्चित ही नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी और पानी का निकास भी व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित होगा. निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने स्थानीय नागरिकों को पवित्र श्रावण मास एवं विकास कार्यों हेतु बधाई भी दी.

आंदोलन ▸ 9 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली कर्मियों का प्रदर्शन, कर्मचारी बोले- 5 हजार कर्मियों का समायोजन करे सरकार

# विभाग के आउटसोर्स कर्मियों को 50 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए

- 5 हजार संविदा कर्मचारियों को समायोजित किया जाए

**भोपाल, 13 जुलाई. राजधानी भोपाल में रविवार को बिजली कर्मचारियों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. यह धरना प्रदर्शन नीलम पार्क में यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाई एंड इंजीनियर्स के बैनर तले किया गया. जिसमें बिजली विभाग के संविदा कर्मियों की नियमितीकरण को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जताई.**

इस दौरान फोरम के अध्यक्ष वीकेएस परिहार ने कहा कि हम शासन से लगातार मांग कर रहे हैं कि संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए. हाल ही में सरकार ने जो नया ऑर्गेनाइजेशन स्ट्रक्चर पास किया है, उसमें 50 हजार नई पोस्ट शामिल हैं. हमारी मांग है कि पहले से विभाग में काम कर रहे 5 हजार संविदा कर्मचारियों को ही इनमें समायोजित किया जाए, उसके बाद नई भर्ती की जाए. ये कर्मचारी अनुभवी हैं और कई साल से सेवाएं दे रहे हैं.

**विभाग के लिए स्थानांतरण नीति बनाई जाए:** परिहार ने कहा कि बिजली विभाग में पहले से काम कर रहे आउटसोर्स कर्मियों को भी 50 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए. इसके साथ ही विभाग के लिए स्थानांतरण नीति बनाई जाए, जिससे कर्मचारियों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिल सके. उन्होने कहा कि बीते एक साल से बातचीत का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन शासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई. यह प्रदर्शन शासन का ध्यान आकर्षित करने का एक प्रयास है. यदि अक्टूबर माह तक हमारी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो फोरम बड़ा आंदोलन करेगा. बिजली विभाग में करीब 5 हजार संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं. ये सभी कर्मचारी लिखित परीक्षा, इंटरव्यू और मेरिट प्रक्रिया से चयनित हुए हैं, लेकिन नियमितीकरण न होने के चलते वे भविष्य को लेकर चिंतित हैं.

**वेतन की विसंगतियां व्याप्त:** यूनाइटेड फोरम के कार्य अध्यक्ष आरएस कुशवाह ने बताया की विद्युत विभाग में विभिन्न वर्गों में वेतन की विसंगतियां व्याप्त है, एआरओ कंपनी कैडर के नियमित कार्यालय सहायक एवं परीक्षण सहायक संविदा आदि की वेतन में वर्षों से विसंगति चली आ रही है जिसका निराकरण कंपनी स्तर पर किया जा सकता है किंतु छोटी-छोटी समस्याओं को समय रहते निराकरण न करने के कारण हमें मजबूर होकर धरातल पर उतरकर ध्यान आकर्षण जैसे कार्य कार्यक्रमों की आवश्यकता पड़ती है.

### इन मांगों को लेकर आंदोलन

संविदा कर्मचारियों को सीधे नियमित किया जाए. बिजली कंपनियों में गृह जिला ट्रांसफर (कंपनी टू कंपनी) नीति बनाई जाए. संविदा नीति 2023 में महंगाई भत्ता ष्ठ, इंक्रीमेंट जोड़ा जाए. राजस्व सहायक अधिकारी एवं कार्यालय सहायक उच्च शिक्षा प्राप्त समकक्ष पद पर तकनीकी पद दिया जाए. प्रथम हायर स्केल दिया जाए. मध्य क्षेत्र में संविदा परीक्षण सहायक की वेतन विसंगति दूर की जाए. संविदा नीति 2023 में पूर्व से निर्धारित भर्ती में 50 फीसदी आरक्षण दिया जाए. राष्ट्रीय अवकाश एवं उत्सव अवकाश में संविदाकर्मियों को काम करने पर दोगुना मानदेय दिया जाए. नियमित कर्मियों के समान नियम अनुसार 9, 18, 35 वर्ष पूर्ण करने पर उच्च वेतनमान एवं प्रमोशन दिया जाए. शासकीय सेवा में संविदा से सीधी भर्ती होने पर 3 वर्ष की परीक्षा अवधि 70, 80 और 90 नियमावली को समाप्त किया.